उत्तर मध्य रेलवे

# प्रत्यूष

अक्टूबर 2023 - नवम्बर-2023
एवं
दिसम्बर 2023 - जनवरी 2024
96वाँ एवं 97वाँ संयुक्तांक





## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



**26** जनवरी 2024 को, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में राष्ट्र का 75वां गणतंत्र दिवस भव्यता, उल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल द्वारा झंडा फहराने के साथ हुआ। इस अवसर पर, महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट और गाइड एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 18 रेल कर्मियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर श्री रविन्द्र गोयल ने गणतंत्र दिवस के बैनर के साथ तिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़े। समारोह के दौरान, महाप्रबंधक ने हमारे महान राष्ट्र के 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। 75वें गणतंत्र दिवस पर महाप्रबंधक का संदेश यू-ट्यूब लिंक www.youtube.com/c/CPRONCR का उपयोग करते हुए ऑनलाइन भी उपलब्ध कराया गया।

इस अवसर रेल सुरक्षा बल श्वान दस्ते का प्रदर्शन और महिला रेल सुरक्षा बल कर्मियों द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहे। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा, पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण व बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री रविन्द्र गोयल ने ग्रहण किया उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार



**दि**नांक 07.01.2024 को प्रयागराज आगमन पर श्री रविन्द्र गोयल ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित किया। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और तीनों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों समेत शाखा अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।

बैठक के दौरान अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करना, यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करना और यात्रा अनुभव में निरंतर सुधार के लिए काम करना तथा कर्मचारियों के कल्याण के साथ हितधारकों को सुविधा प्रदान करना हमारा मुख्य फोकस होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा, ईमानदारी और कड़ी मेहनत से कठिन से कठिन लक्ष्य भी पूरा होता है।

पंजाब के फिल्लौर में जन्मे श्री रविन्द्र गोयल ने यूबीएस, चंडीगढ़ से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने चंडीगढ़ से कॉमर्स में ग्रेजुएशन किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पंजाब के विभिन्न स्थानों जैसे लुधियाना, फरीदकोट, जालंधर और चंडीगढ़ आदि में हुई।

वह भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1987 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने रेलवे में अपनी सेवा का प्रारंभ मुंबई डिवीजन, पश्चिम रेलवे में एरिया ऑफिसर, वलसाड के रूप में की और उसके बाद इनको भारतीय रेल में विभिन्न स्थानों पर विविध क्षमताओं में 34 वर्षों तक सेवा करने का बहुत व्यापक और समृद्ध अनुभव है।

उन्होंने कॉनकॉर में 5 वर्षों तक सफलतापूर्वक काम किया। उन्होंने पूरी तरह से अलग-अलग परिवहन आवश्यकताओं वाले दो मंडलों बिलासपुर एवं मुंबई में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य किया। उन्होंने नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे और नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे में प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के रूप में भी काम किया और देश के सुदूर क्षेत्रों यानी पूर्वोत्तर राज्यों और राजस्थान के रेगिस्तान को सेवित करने वाले सीमांत क्षेत्रों में भी काम किया। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्र के सबसे बड़े क्षेत्र को सेवित करने वाले उत्तर रेलवे में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया। जो 5 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित चार केंद्र शासित प्रदेशों को सेवाएं प्रदान करता है। उन्होंने नीति आयोग में भी काम किया।

उन्होंने पश्चिम रेलवे में सीएफटीएम, सीपीटीएम, सीटीपीएम, सीसीएम/पीएस, और सीसीएम/एफएम के साथ-साथ कई अन्य पदों पर भी काम किया है। उनके पास मुख्य परिवहन प्रबंधक-पेट्रोलियम/पश्चिमी क्षेत्र और जयपुर में आईआरसीटीसी में कार्य करने का भी अनुभव है। महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पहले, उन्होंने रेलवे बोर्ड में अपर सदस्य/वाणिज्य के रूप में काम किया और भारतीय रेलवे के वाणिज्यिक दायित्वों का निर्वहन किया।

## रेलवे पर संसद की स्थायी समिति के माननीय सदस्यों की महाप्रबंधक के साथ बैठक आयोजित




दिनांक 19.01.2024 को मुख्यालय में संसद की स्थायी समिति के माननीय सांसदों की बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविन्द्र गोयल ने माननीया सांसद फूलपुर, श्रीमती केशरी देवी पटेल एवं माननीया सांसद दौसा, श्रीमती जसकौर मीना को पौधा दे कर स्वागत किया।

श्री गोयल ने कहा कि, रेलवे की कार्यप्रणाली में लाइन क्षमता की वृद्धि, यात्री सुविधाओं में सुधार, गाड़ियों के संरक्षित संचालन, कर्मचारी कल्याण, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हरित पहल सहित अन्य सभी क्षेत्रों में कदम उठाए हैं। उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं राजस्थान प्रदेशों के महत्वपूर्ण हिस्सों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने का कार्य कर रही है। यात्री सुविधाओं का निरंतर विकास किया जाना रेल प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर माननीय संसद सदस्य फूलपुर, श्रीमती केशरी देवी पटेल, ने अपने संबोधन में. महाकुम्भ मेला के दृष्टिगत प्रयागराज स्टेशन पर मुख्य ट्रेनों के ठहराव, प्रयागराज में निरंजन रेलवे पुल के (चौड़ीकरण) विस्तार, दिल्ली-कानपुर शताब्दी के प्रयागराज तक विस्तार, गाड़ी सं 12293/94 मुंबई दुरंतो को प्रतिदिन करने, पूर्वा एक्सप्रेस का फूलपुर स्टेशन पर ठहराव, सरयू एक्सप्रेस का दयालपुर स्टेशन पर ठहराव, मानिकपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार, महाकुम्भ मेला के दृष्टिगत सूबेदारगंज स्टेशन पर यात्री सुविधाएं खान-पान, सड़क के चौड़ीकरण एवं सूबेदारगंज स्टेशन के नाम को परिवर्तित कर प्रयागराज छावनी करने, यात्री एवं व्यापारी सुविधाओं के निरंतर विकास के कई सुझाव दिये।

इसी क्रम में माननीया सांसद दौसा राजस्थान श्रीमती जसकौर मीना जी, ने महवा मंडावर स्टेशन पर गोमती नगर-जयपुर-गोमती नगर (गाड़ी सं. 19715-19716) के ठहराव, कोच डिस्पले बोर्ड व वेटिंग हॉल की मांग की।

इसी क्रम में उन्होंने कहा कि, महवा एवं मंडावर प्रमुख अनाज मण्डी है अतः यहां अतिरिक्त लाइन की मांग की। इसी क्रम में श्रीमती मीना ने आगरा-बांदीकुई पैसेंजर ट्रेन के जयपुर तक विस्तार, आगरा-अजमेर इन्टरसिटी एक्सप्रेस रेलगाडी संख्या 12195/96 के बिवाई स्टेशन पर ठहराव, आगरा-बांदीकुई खंड में रेल लाईनों का दोहरीकरण कार्य आदि कई सुझाव दिये। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक/सामान्य उत्तर मध्य रेलवे, श्री रजत पुरवार द्वारा किया गया। इस संसद की स्थायी समिति की बैठक में अपर महाप्रबंधक सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा माघ मेले के अवसर पर संगम क्षेत्र में लगाए गए कैंप का शुभारंभ



दिनांक 13 जनवरी 2024 को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल ने माघ मेले के अवसर पर संगम क्षेत्र में लगाए गए कैंप का शुभारंभ किया। इस कैंप में तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए 1 आरक्षित टिकट काउंटर (रिज़र्वेशन), 1 अनारक्षित टिकट काउंटर (सामान्य) और 1 पूछताछ / सहयोग काउंटर लगाया गया। इस दौरान महाप्रबंधक महोदय ने प्रयागराज मंडल द्वारा कैंप में लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

इस प्रदर्शनी में रेलवे के इतिहास, समृद्ध विरासत, उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख पर्यटन स्थल और उनके निकट के स्टेशन, मंडल की विशेष उपलब्धियां, अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के विकसित किए जा रहे रेलवे स्टेशन, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत ट्रेन, यूटीएस ऐप, रेलवे सुरक्षा बल के सराहनीय कार्य और रेल मदद हेल्प लाइन न. 139 के विषय में जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

इसी क्रम में महाप्रबंधक ने प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर बनाये गये कंट्रोल टावर का भी शुभारंभ किया एवं प्रयागराज जंक्शन पर स्थित यात्री आश्रयों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज श्री हिमांशु बडोनी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' आयोजित




दिनांक 25.01.2024 को महाप्रबंधक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय प्रयागराज में स्थित संगम भवन के प्रांगण में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री रवीन्द्र गोयल, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज ने उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की शपथ दिलायी। इस अवसर पर आयोजित 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' शपथ कार्यक्रम थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम' पर आधारित थी।

## 10 रेलकर्मी महाप्रबन्धक द्वारा संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



दिनांक 09.01.2024 को दिसम्बर माह के लिए महाप्रबन्धक, श्री रविन्द्र गोयल उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्री मनीष कुमार गुप्ता एवं विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 10 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री राजेश कुमार गुप्ता को 'दिसम्बर माह के लिए माह का सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी' चुना गया है। श्री राजेश कुमार गुप्ता ने अपने कर्तव्यों का उचित प्रकार से निर्वहन करते हुए रेलवे की छवि को उज्ज्वल बनाया।



*''पवित्रता के बिना एकाग्रता का कोई मूल्य नहीं है।'' - स्वामी शिवानन्द*

## महाप्रबंधक द्वारा परिचालन नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण



श्री रविन्द्र गोयल, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे और श्री शोभित भटनागर, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, (निदेशक, ओपी एंड बीडी) ने 25 जनवरी 2024 को ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर, ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर प्रयागराज का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर और उपयोग में आने वाले सभी विश्व स्तरीय उच्च प्रौद्योगिकी उपकरणों की तैयारी की जांच की।

उन्होंने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कंट्रोल सिस्टम की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन किया और डीएफसी सर्किट में ट्रेनों को पूरी क्षमता से चलाने के लिए निकट भविष्य में और अधिक ट्रेनें प्राप्त करने की तैयारी करने की सलाह दी।

निरीक्षण के दौरान मुख्य महाप्रबंधक, प्रयागराज (पूर्व), मुख्य महाप्रबंधक (पश्चिम) , उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय और डीएफसीसीआईएल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## श्री जोगिंदर सिंह लाकरा ने किया अपर महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण



श्री जोगिंदर सिंह लाकरा, बी.टेक, एम.टेक और एम.बी.ए. ने उत्तर मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। श्री जोगिंदर सिंह लाकरा 1989 बैच के आईआरएसई अधिकारी हैं। उन्होंने एनआईटी-कुरुक्षेत्र से बी.टेक और आईआईटी-रुड़की से एम.टेक किया। उन्होंने मार्केटिंग मैनेजमेंट में एम.बी.ए. भी किया है। श्री लाकरा ने अपनी रेल सेवा के दौरान विभिन्न क्षमताओं में दिल्ली मंडल, फिरोज़पुर मंडल, लामडिंग मंडल, उत्तर रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, रेल मंत्रालय, दिल्ली मेट्रो, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे सहित विभिन्न मंडलों और जोनल रेलों में कार्य किया है। रेल मंत्रालय में काम करते समय, विभिन्न रणनीतिक निर्णय और नीतिगत पहलों को लागू करने में इन्होंने नेतृत्व किया। इनमें परियोजना निष्पादन के लिए भूमि के शीघ्र अधिग्रहण के लिए रेलवे अधिनियम-2008 का अधिनियमन/संशोधन शामिल, जिसमें डीएफसीसीआईएल के लिए शीघ्र भूमि अधिग्रहण भी शामिल था।

## महाप्रबंधक द्वारा सूबेदारगंज स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 30.12.2023 को महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने सूबेदारगंज स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री कुमार ने कुम्भ से संबंधित कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी, प्लेटफॉर्म विस्तार कार्य तथा नये प्लेटफॉर्म के विकास कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया तथा कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को इस तरह किया जाए, जिससे कुम्भ में आने वाले यात्रियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

## पदक विजेता जिमनास्टों ने की महाप्रबंधक से मुलाकात



दिनांक 02 जनवरी से 04 जनवरी 2024 तक भुवनेश्वर में आयोजित सीनियर नेशनल आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में भारतीय रेल की टीम 06 स्वर्ण, 04 रजत एवं 03 कॉस्य पदक जीत कर 12 वर्षों के अंतराल के बाद ओवरऑल चैंपियन बनी। इस टीम के कुल 06 खिलाड़ियों में उत्तर मध्य रेलवे के 03 खिलाड़ी थे। भारतीय रेल द्वारा जीते गए कुल 13 पदक में से 06 पदक उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ियों द्वारा जीते गए। उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने कोच देवेश के साथ महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविन्द्र गोयल से उनके कार्यालय में जाकर उनको उपलब्धियों से अवगत कराया।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष श्री अनूप कुमार अग्रवाल, महासचिव श्री हिमांशु शेखर उपाध्याय, सचिव/महाप्रबंधक श्री अजय सिंह, उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अन्य पदाधिकारी तथा उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स सेल के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## सुरक्षा सम्मेलन आयोजित



दिनांक 12.01.2024 को महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल श्री अमिय नंदन सिन्हा द्वारा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, प्रयागराज की उपस्थिति में माघ मेला बंदोबस्त हेतु यात्री आश्रय स्थल नंबर 01 में आरपीएफ एवं आरपीएसएफ के बल सदस्यों का सुरक्षा सम्मेलन लिया गया।

इस दौरान उन्होंने प्रयागराज स्टेशन के वाच टावर, यात्री आश्रय स्थल सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया व सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्धन को जांचते हुए सभी अधिकारियों को वर्तमान समय की महत्ता व संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द व कड़ी रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## कार्मिक विभाग के कर्मचारियों हेतु पुस्तक मेला एवं मानसिक विकास कार्यक्रम आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे, कार्मिक विभाग, मुख्यालय प्रयागराज में दिनाँक 29.01.2024 को प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी की रचनात्मक पहल से कार्मिक विभाग में रेलवे कर्मचारियों के लिए पुस्तक मेला एवं मुख्यालय की पहली लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अनुराग त्रिपाठी, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रहीं।

प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने कार्मिक विभाग में ज्ञान केन्द्र, स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र और कैरियर परामर्श केन्द्र को शीघ्र ही शुरू करने के निर्देश दिये। पुस्तकालय की स्थापना मुख्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक विकास एवं बेहतर कार्य जीवन के संतुलन के उद्देश्य से की गयी।

## संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा राजभाषा के प्रगति प्रसार की निरीक्षण बैठक आयोजित




संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति की संयोजक माननीय प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी की अध्यक्षता में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, प्रयागराज सहित प्रयागराज और आस पास स्थित रेलवे एवं केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा के प्रगति प्रसार की निरीक्षण बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर संसदीय राजभाषा समिति द्वारा संबंधित मंत्रालय एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यालयों द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया तथा उसकी गहन समीक्षा की गई।

इस अवसर पर समिति की संयोजक एवं माननीय सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी, माननीय सांसद श्री सुशील कुमार गुप्ता तथा माननीय सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल एवं समिति सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री मनीष कुमार गुप्ता, निदेशक राजभाषा रेलवे बोर्ड डॉ. बरुण कुमार सहित प्रधान कार्यालय और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के राजभाषा से जुड़े सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक द्वारा सूबेदारगंज स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 07.10.2023 को महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने सूबेदारगंज स्टेशन का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने सूबेदारगंज स्टेशन पर बन रहे नये प्लेटफॉर्म सं 4/5 पर विकास कार्यों, एवं स्टेशन की प्रस्तावित डिज़ाईन व यार्ड आदि का गहनता से निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री हिमांशु बडोनी सहित मंडल के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 52वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे जिम्नास्टिक चैंपियनशिप आयोजित



दिनांक 14 अक्टूबर 2023 से 16 अक्टूबर 2023 तक उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में खेलगाँव पब्लिक स्कूल प्रयागराज के जिम्नास्टिक हॉल में 52वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इस तीन दिवसीय समागम में भारतीय रेल के विभिन्न ज़ोनों से आए लगभग 55 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दिनांक 16.10.2023 को चैंपियनशिप के समापन समारोह में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री सतीश कुमार, संस्थापक एवं अध्यक्ष खेलगाँव पब्लिक स्कूल डॉ. यू.के. मिश्रा सहित उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में महाप्रबंधक ने भारतीय रेल के विभिन्न ज़ोनों एवं उत्पादन इकाइयों से आये समस्त जज, प्रबंधक, कोच एवं खिलाड़ियों को इस चैम्पियनशिप के सफल और सौहार्दपूर्ण आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने फ्लोर, पोममेल, आर रींग्स खेल, वौलटिंग टेबल, पैरलल बार, होरिजेंटल बार में विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये। इसके उपरांत समापन समारोह में महासचिव उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ, श्री हिमांशु शेखर उपाध्याय ने उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्री सर्वेश द्विवेदी, महाप्रबंधक द्वारा सम्मानित



दिनांक 19.10.2023 को गोवा में आयोजित आयरनमैन गोवा 70.3 ट्रायथलॉन में आयरनमैन के ख़िताब विजेता श्री सर्वेश द्विवेदी ने मुख्यालय में महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें अपने प्रदर्शन से अवगत कराया। श्री सतीश कुमार ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य हेतु उन्हें बधाई भी दी।

## सुरक्षा बल द्वारा स्मृति/शहीद दिवस परेड आयोजित




दिनाँक 21.10.2023 को स्मृति दिवस के अवसर पर अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

स्मृति दिवस परेड के दौरान श्री ए.एन. सिन्हा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल/श्री विजय प्रकाश पंडित, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/प्रयागराज मंडल एवं मुख्यालय से रेलवे सुरक्षा बल के अन्य अधिकारीगण व स्टॉफ उपस्थित रहे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



दिनांक 30.10.2023 से 05.11.2023 तक ''भ्रष्टाचार का विरोध करें- राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'' विषय'' पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। दिनांक 30.10.2023 को उत्तर मध्य रेलवे में सप्ताह के शुभारम्भ के क्रम में महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार के नेतृत्व में एक वाकाथन तथा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्यालय के अधिकारीगण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## संरक्षित संचालन हेतु संरक्षा संगोष्ठी आयोजित



दिनांक 30.10.2023 को प्रयागराज मण्डल में कार्य करने वाले रनिंग कर्मियों को अतिरिक्त ज्ञानार्जन कराने के लिये संरक्षा संगोष्ठी करायी गयी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री सतीश कुमार थे। संगोष्ठी में 10 मुख्य लोको निरीक्षक एवं 60 रनिंग कर्मियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में बोलते हुए महाप्रबंधक ने अपने संबोधन के दौरान सभी रनिंग कर्मियों को सिग्नल संकेत के अनुसार गति एवं किसी अनियमितता में समय से इमरजेंसी आर एस वॉल्व का प्रयोग करने पर बल दिया।

संगोष्ठी के संचालन कर्ता मुख्य क्रू नियंत्रक (परिचालन) वासुदेव पाण्डेय ने रनिंग कर्मचारियों को स्पैड की घटनाओ का विडियो प्रायोगिक तौर पर दिखाकर रनिंग कर्मियों को संरक्षा के प्रति जागरूक किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के शुभारंभ में महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने प्रमुख विभागाध्यक्षों और अन्य अधिकारियों के साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण के बाद सरदार पटेल के सम्मान के रूप में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' का भी आयोजन किया गया।

## सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी आयोजित




श्री वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर श्री डी.के. सिंह, एसडीजीएम के मार्गदर्शन में अरावली सभा कक्ष, महाप्रबंधक कार्यालय परिसर प्रयागराज में एक सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय 'भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' 'Say no to corruption; commit to the Nation' रहा।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री राम हित, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सतीश कुमार, महाप्रबंधक ने की और सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्षों ने भाग लिया।

सेमिनार में विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्षों ने भी रेलवे की नैतिकता और स्वच्छ कार्यप्रणाली से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये।

## महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल, रेलवे बोर्ड द्वारा उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज दौरा




महानिदेशक के प्रयागराज दौरे के दौरान उत्तर मध्य रेलवे/मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा बल की सम्मानगार्द के द्वारा सलामी दी गई। उन्होंने प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री ए.एन. सिन्हा द्वारा तीनों मंडलों द्वारा किए कार्यों के बारे मे प्रस्तुतीकरण दिया गया एवं प्रयागराज में वर्ष 2025 मे होने वाले महाकुंभ की तैयारी तथा अन्य क्षेत्रीय रेल से आने वाले बल सदस्यों के रहने हेतु बैरक के निर्माण के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी। इसी क्रम में महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे एवं रेलवे के अन्य विभागो के विभागाध्यक्षो के साथ समन्वय गोष्ठी भी की गई।

## कार्मिक विभाग के माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कृत



उत्तर मध्य रेलवे, कार्मिक विभाग, प्रयागराज में दिनाँक 05.01.2024 को माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी एवं माह के सर्वश्रेष्ठ कार्यालय / अनुभाग जनवरी-2024 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अनुराग त्रिपाठी, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्मिक विभाग, प्रधान कार्यालय के भर्ती अनुभाग में कार्यरत श्री संजीव कुमार, कनिष्ठ लिपिक को उनके महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय कार्यों के लिए माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के लिए सम्मानित किया गया।

## कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल के मध्य संचालित नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का भव्य स्वागत



दिनांक 30.12.2023 को अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दो नई अमृत भारत ट्रेनों अर्थात दरभंगा-अयोध्या - आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस और मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर कानपुर सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन पर वन्दे भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के बढ़ते हुए क्रम में सर्वप्रथम वन्दे भारत ट्रेन के कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर आगमन पर ढोल नगाड़े के साथ उसका स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तिलक लगाकर ट्रेन पर पुष्पवर्षा की गई। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा वन्दे भारत थीम पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में कानपुर सेन्ट्रल पर वन्दे भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत वन्दे भारत ट्रेन के कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर आगमन पर ढोल नगाड़े के साथ उसका स्वागत किया गया।

## महानिदेशक संरक्षा का प्रयागराज दौरा




दिनांक 23.11.2023 को महानिदेशक संरक्षा (डी.जी सेफ्टी) श्री बी. एम. अग्रवाल ने अपने प्रयागराज दौरे के दौरान प्रयागराज-मिर्जापुर खण्ड का निरीक्षण किया और उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में अपर महाप्रबंधक श्री चन्द्र प्रकाश गुप्ता/उत्तर मध्य रेलवे एवं प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयागराज-मिर्जापुर खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। साथ ही प्रयागराज छिवकी एवं मेजा स्टेशन पर ई.आई. बिल्डिंग का निरीक्षण किया। तत्पश्चात अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चयनित मिर्जापुर स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यों की भी विस्तृत जानकारी ली।

श्री ब्रज मोहन अग्रवाल, महानिदेशक, संरक्षा ने बैठक में संरक्षा के ज्वलंत विषयों पर गहनता से विचार विमर्श किया एवं दिशा निर्देश दिये। इसी क्रम में उन्होंने कार्य स्थल की सुरक्षा, मास्ट की सुरक्षा, रनिंग रूम में सुविधाओं के विस्तार, स्टेबल लोड प्रोटेक्शन, चालक दल द्वारा चलती गाड़ी में मोबाइल फोन का प्रयोग न करने पर बल दिया।

इस अवसर पर संरक्षा विभाग/उत्तर मध्य रेलवे द्वारा संरक्षा पर एक विस्तृत प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया।

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित टीम रेल सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे ने इंदिरा मैराथन प्रयागराज में लगाई दौड़




दिनांक 19.11.2023 को रेल सुरक्षा बल की एक 24 सदस्यीय टीम ने प्रयागराज में आयोजित 38वीं इंदिरा गांधी मैराथन-2023 में प्रतिभाग किया। रेल सुरक्षा बल/उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों से चयनित टीम में 01 असिस्टेंट कमाण्डेन्ट, 03 निरीक्षक, 05 उपनिरीक्षक व 15 अन्य स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें 03 महिला बल सदस्यों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

## संविधान की प्रस्तावना का वाचन




दिनांक 24.11.2023 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना के पाठ का वाचन किया गया किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'संविधान का प्रस्तावना-पाठ कराया गया।

## स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन के विषय पर कोर्स आयोजित




श्री ए.एन. सिन्हा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में दिनांक 09 व 10 अक्टूबर को उत्तर मध्य रेलवे के बल सदस्यों के लिए शारीरिक/मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन के विषय पर कोर्स चलाया गया। उक्त कोर्स का दिनाँक 09.10.2023 को महानिरीक्षक द्वारा शुभारंभ किया गया जिसमें कुल 192 बल सदस्य उपस्थित रहे। दिनांक 10.10.2023 को डॉ. पुष्पा पाल, डॉ. आलोक गुप्ता एवं डॉ. राम मिलन द्वारा व्याख्यान दिया गया।

## DFCCIL के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण



दिनांक 24 नवंबर 2023 को महानिदेशक (संरक्षा) रेलवे बोर्ड श्री बी. एम. अग्रवाल ने DFCCIL के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर प्रयागराज का निरीक्षण किया। साथ ही ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर में आये कॉरपोरेट के अधिकारियों के साथ सुरक्षित ट्रेन परिचालन के संबंध में बैठक की। इस अवसर पर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित



दिनांक 02.10.2023 को मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़े के समापन अवसर पर श्री चंद्र प्रकाश गुप्ता, अपर महाप्रबंधक के आतिथ्य में समारोह हुआ। जिसमें अपर महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इसी क्रम में एक साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सहभागिता की।

## विरासत की जानकारी एवं प्रकृति अध्ययन यात्रा शिविर आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स राज्य मुख्यालय प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 24 से 27 नवम्बर-2023 तक राजगीर (बिहार) में 'अपनी विरासत की जानकारी एवं प्रकृति अध्ययन' यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रयागराज, आगरा, झाँसी एवं राज्य मुख्यालय प्रयागराज के अधिकारियों सहित कुल 41 सदस्यों ने प्रतिभागिता की।



''मानव अपने आनन्द का निर्माता स्वयं है।'' - निशीथ भाष्य

## महाप्रबंधक के साथ नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलॉइज संघ की स्थाई वार्ता तंत्र (PNM) की बैठक प्रारंभ



नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इंप्लाइज़ संघ के साथ दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक दिनांक 06 दिसम्बर 2023 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में प्रारंभ हुई।

बैठक में श्री रविन्द्र गोयल महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे की वार्षिक उपलब्धियों के विषय में सभी को अवगत कराया।

यूनियन ने पुरानी पेंशन योजना को फिर से शुरू करने, रात्रि ड्यूटी भत्ते के वितरण, सभी रिक्तियों को भरने जैसे मुद्दों को उठाया और केंद्रीय अस्पताल में सुविधाओं में सुधार और रेलवे क्वार्टरों के उचित रखरखाव के संबंध में बहुमूल्य सुझाव भी दिए।

एनसीआरईएस के अन्य प्रतिनिधियों ने रनिंग रूम में सुविधाओं में सुधार, दूरदराज के स्थानों पर कर्मचारियों के लिए पेयजल की सुविधा और ग्राउंड स्टाफ के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का मुद्दा उठाया।

बैठक में तीनों मंडलों से आए संघ के अन्य प्रतिनिधि एवं सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

बैठक में बहुत ही सौहार्दपूर्ण तरीके से चर्चा हुई।

## 68वाँ महापरिनिर्वाण दिवस आयोजित




दिनांक 06.12.2023 को मुख्यालय के अरावली सभाकक्ष में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 68वाँ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने सर्वप्रथम बाबा साहब को श्रद्धांजली अर्पित की। सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजली अर्पित की।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनका अनुसरण करने को प्रेरित किया।

## उत्तर मध्य रेलवे, राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2023 के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित



उत्तर मध्य रेलवे द्वारा विभिन्न ऊर्जा दक्ष तकनीकी उपायों प्रयासों द्वारा कुल 17 क्षेत्रीय रेलवे की प्रतिस्पर्धा में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2023 का प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर अन्य निकायों के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह पुरस्कार दिनांक 14.12.2023 को नई दिल्ली में आयोजित ऊर्जा संरक्षण दिवस के समारोह में राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा श्री सतीश कुमार महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे तथा श्री अनूप कुमार अग्रवाल प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे द्वारा ग्रहण किया गया। उत्तर मध्य रेलवे ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर के क्षेत्रीय रेल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर स्वयं को भारतीय रेल के अग्रिम पायदान में स्थापित कर दिया है।

## महाप्रबंधक द्वारा भीमसेन-खैरार और खैरार-मानिकपुर रेल खंड का निरीक्षण



दिनांक 09.12.2023 को महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने भीमसेन-खैरार-मानिकपुर रेल खंड के दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री कुमार ने घाटमपुर, हमीरपुर,बांदा और चित्रकूट धाम कर्वी आदि स्टेशन का भी सघन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधा का जायजा भी लिया और सम्बन्धित अधिकारियों को इन्हें और बेहतर करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्टेशनों पर ट्रेन संचालन तथा संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओ को बारीकी से जांचा। इस अवसर पर महाप्रबंधक के साथ झाँसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा, प्रयागराज मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री मंजुल माथुर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री शोभित भटनागर, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री अनूप अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## न्यू ऊंचडीह स्टेशन से मुन्नू साइडिंग के लिए पहले रेक का प्लेसमेंट



दिनांक 09.12.2023 को न्यू ऊंचडीह स्टेशन जो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेलवे का स्टेशन है, इसका मेजा ऊर्जा निगम लिमिटेड की साइडिंग (मुन्नू-(MUNU) के साथ कनेक्शन हो गया। साथ ही पहला रेक (कोयला लदा हुआ), मुन्नू साइडिंग में भेजा गया। पहले रेक का प्लेसमेंट श्री ए.बी. सरन, मुख्य महाप्रबंधक प्रयागराज पूर्व, श्री मन्नू प्रकश दूबे, अपर महरप्रबंधक (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) और MUNPL के श्री सरित महेश्वरी, महाप्रबंधक (संचालन और रखरखाव), श्री गुरु प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक रखरखाव और ईंधन प्रबंधन), श्री अजीत बसाक, महाप्रबंधक (संचालन), श्री प्रदीप कुमार साबत, महाप्रबंधक, श्री संजय कुमार सिंह, अपर महाप्रबंधक ईंधन प्रबंधन) और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। कनेक्शन के हो जाने के बाद अब धनबाद डिवीजन/ईसीआर से आने वाला कोयला डायरेक्ट डीएफसी लाइन के द्वारा मुन्नू साइड्रिंग (MUNPL) में दिया जायेगा।

## स्वतंत्र निदेशक द्वारा 14 कार्यालय के कार्यों का ऑडिट



श्री हीरा बल्लभ निदेशक वित्त, श्री अमरनाथ यादव स्वतंत्र निदेशक ने अपने प्रयागराज के दिनांक 14 एवं 15 दिसंबर दो दिवसीय दौरे के क्रम में डीएफसीसीआईएल के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर प्रयागराज का 14 दिसंबर 2023 को निरीक्षण किया। ऑडिट कमेटी की बैठक प्रयागराज कार्यालय में की गयी। इस दौरान डीएफसीसीआईएल के 14 कार्यालय के कार्यों की समीक्षा की गयी।

इसी क्रम में दूसरे दिन 15.12.23 को श्री हीरा बल्लभ निदेशक वित्त, श्री अमरनाथ यादव स्वतंत्र निदेशक ने डीएफसीसीआईएल के न्यू मनौरी से न्यू कानपुर सेक्शन का विंडो निरीक्षण किया।

## उत्तर मध्य रेलवे को मिली सिग्नल और टेलीकॉम शील्ड




दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को केंद्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के विभिन्न जोनों / मंडलों, उत्पादन इकाइयों और रेलवे पीएसयू के 100 रेलवे कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 21 शील्ड भी प्रदान कीं। उत्तर मध्य रेलवे को सिग्नल एवं टेलीकाम शील्ड मिली।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार के साथ प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री सतेंद्र कुमार ने माननीय केंद्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से सिग्नल और दूरसंचार शील्ड प्राप्त की।

उत्तर मध्य रेलवे के तीन अधिकारियों और तीन कर्मचारियों को भी प्रतिष्ठित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिला। इन अधिकारियों में श्री विवेक दिवाकर वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/आगरा, सुश्री प्रशस्ति श्रीवास्तव, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह जनसंपर्क अधिकारी/आगरा और श्री विजय नारायण सहायक मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर/कानपुर शामिल रहे, जबकि स्टाफ में श्रीमती ऋतु मसीह, मुख्य नर्सिंग अधीक्षक, केंद्रीय अस्पताल, श्री मनोज कुमार, हेल्पर/कानपुर, श्री अनुज पटेल, ट्रैक मेंटेनर/माताटीला/झाँसी शामिल रहे।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण प्रदर्शनी आयोजित




दिनांक 18.12.2023 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय सूबेदारगंज में विद्युत विभाग द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण प्रदर्शनी लगाई गई। श्री कुमार ने ऊर्जा संरक्षण प्रदर्शनी का दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काट कर शुभारंभ किया और ऊर्जा संरक्षण प्रदर्शनी में लगी स्टॉलों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रधान कार्यालय के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष और मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, द्वारा टेण्डर फीट स्कूल के बच्चों के लिए पिकनिक शिविर आयोजित



दिनांक 26 दिसम्बर 2023 को उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, की अध्यक्षा श्रीमती रूबी रानी सिंह के मार्गदर्शन में टेण्डर फीट स्कूल के बच्चों का पिकनिक शिविर का आयोजन रेलगाँव स्थित स्टेडियम, सूबेदारगंज में किया गया। इस अवसर पर संगठन द्वारा बच्चों के लिए खेल गतिविधियों से संबधित कार्यकम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधियों में भाग लिया।

## प्रयागराज स्टेशन पर वाराणसी-नई दिल्ली के मध्य संचालित दूसरी नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का भव्य स्वागत



दिनांक 18.10.2023 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी - नई दिल्ली के मध्य दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार की अध्यक्षता में प्रयागराज जंक्शन पर वन्दे भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। वन्दे भारत ट्रेन के प्रयागराज स्टेशन पर आगमन पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तिलक लगाकर ट्रेन पर पुष्पवर्षा की गई। इस अवसर पर फूलपुर की माननीय सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल, माननीय महापौर श्री उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, माननीय विधायकगण, माननीय विधान परिषद सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, जेडआरयूसीसी, डीआरयूसीसी सदस्यगण आदि उपस्थित रहे। गणमान्य उपस्थित अतिथियों तथा महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे श्री सतीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा वन्दे भारत थीम पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को माननीय सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

## प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित




वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, प्रयागराज श्री दिलीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में श्री रजत पुरवार, उप महाप्रबंधक (सामान्य)/ उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के निर्देशन, श्री संतोष बाजपेयी, सहायक उप महाप्रबंधक, प्रयागराज के नेतृत्व एवं मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक श्री मनदीप कुमार, श्री पुष्पेंद्र सिंह एवं श्री चन्द्र प्रकाश राय के कुशल प्रबंधन द्वारा 127 वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम, गायत्री तपोभूमि, मथुरा में दिनांक 18.12.23 से 22.12.23 के बीच आयोजित किया गया। गायत्री तपोभूमि, मथुरा में आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्यालय से 04, प्रयागराज मंडल से 09, झाँसी मंडल एवं कारखाना से 11, आगरा मंडल से 06 तथा कारखाना सिथौली से 01 सहित कुल 31 सुपरवाईजरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित




उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने मुख्यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के सिगनल एवं दूरसंचार विभाग विशेषांक का विमोचन भी किया।

बैठक में प्रधान कार्यालय के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



*''मानव की सेवा करना मानव का सर्वप्रथम कर्तव्य है।'' - विनोबा भावे*

# प्रयागराज मण्डल

## महाप्रबंधक की मंडल के शाखा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित



दिनांक 11 जनवरी 2024 को महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे श्री रविन्द्र गोयल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा, ईमानदारी और कड़ी मेहनत से कठिन से कठिन लक्ष्य भी पूरा होता है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट प्रयागराज की वार्षिक पुस्तिका के चौथे संस्करण का विमोचन भी किया गया।

## रेल संरक्षा आयुक्त सेंट्रल सर्किल द्वारा निरीक्षण



दिनांक 18.10.2023 को प्रयागराज छिवकी-करछना खंड की नवनिर्मित तीसरी लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त सेंट्रल सर्किल श्री मनोज अरोड़ा द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अहरौरा रोड रेलवे स्टेशन के नये नाम का लोकार्पण




दिनांक 28.10.2023 को अहरौरा रोड रेलवे स्टेशन के नये नाम नारायनपुर बाजार का लोकार्पण माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल द्वारा शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मण्डल श्री हिमांशु बडोनी, महामंत्री भाजपा श्री हरिशंकर सहित अन्य अधिकारीगण एवं अपार जनसमूह उपस्थित रहा।

## मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल यात्री उपरिगामी पुल का लोकार्पण



दिनांक 28.10.2023 को मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल यात्री उपरिगामी पुल का लोकार्पण माननीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने शिलापट्ट का अनावरण एवं नवनिर्मित पैदल यात्री पुल का फीता काट कर किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाप्रबंधक द्वारा प्रयागराज - चोपन खण्ड का निरीक्षण



दिनांक 20.01.2024 को महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल ने प्रयागराज मंडल के प्रयागराज-चोपन खण्ड का निरीक्षण किया।

इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा अमृत स्टेशन के रूप में चयनित विंध्याचल, मिर्जापुर और सोनभद्र रेलवे स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि, चल रहे कार्यों से रेल यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा कार्य की उच्चतम गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर मुख्यालय के संबंधित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## वाणिज्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



दिनांक 08 नवम्बर 2023 को मंडल रेल प्रबंधक, श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में वाणिज्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी ने वाणिज्य विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमें रेल यात्रियों की आवश्यकताओं को समझने के लिए एक रेल यात्री की तरह सोचना होगा, तभी हम उन्हें बेहतर सेवा उपलब्ध करा सकेंगे।

## रेल प्रशासन एवं सिविल प्रशासन के मध्य समन्वय बैठक आयोजित



दिनांक 23.11.2023 को मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता एवं मंडलायुक्त श्री विजय विश्वास पन्त एवं जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल की उपस्थिति में कुम्भ 2025 एवं माघ मेला 2023-24 की तैयारी पर समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर गहनता से चर्चा की गयी।

## महानिदेशक (संरक्षा) क्रू एवं गार्ड लॉबी का निरीक्षण



दिनांक 24.11.2023 को श्री बी.एम. अग्रवाल महानिदेशक, संरक्षा रेलवे बोर्ड ने प्रयागराज जंक्शन पर स्थित क्रू एवं गार्ड लॉबी का निरीक्षण किया। यहां की स्थापित प्रणालियों से श्री अग्रवाल अत्यधिक प्रभावित हुए तथा कहा कि हमारे समर्पित कर्मचारियों को मानसिक रुप से सुदृढ़ रहने में यह एक बेहतर पहल है।

## माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर दो पैदल उपरिगामी पुलों का शिलान्यास, मलवां, औंग, कंसपुर गुगौली, कुरस्ती कलां रेलवे स्टेशनों पर नवनिर्मित उपरिगामी पुलों का लोकार्पण एवं स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ



दिनांक 17 जनवरी 2024 को माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, (भारत सरकार) साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर दो पैदल ऊपरगामी पुलों का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही माननीय मंत्री द्वारा औंग,कुरस्ती कलां, कंसपुर गुगौली एवं मलवां रेलवे स्टेशनों पर नवनिर्मित पैदल ऊपरगामी पुलों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान माननीय मंत्री द्वारा फतेहपुर रेलवे स्टेशन के स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। माननीय मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पुल बनने से यात्रियों का एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आवागमन आसान हो जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत फतेहपुर रेलवे स्टेशन का विकास किया जा रहा है जिससे यहां की शिक्षा व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय स्कूल के बच्चों ने मंत्र मुग्ध कर देने वाले शानदार नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किये जिसे माननीय मंत्री द्वारा सराहा गया और नकद पुरस्कार भी दिए गए।

## आपदा प्रबंधन पर बैठक आयोजित



दिनांक 8 दिसंबर 2023 को मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन पर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने उपस्थित सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी आपदा के दौरान हमारी मैनपावर ही हमारी सबसे बड़ी ताकत होती है। इस अवसर पर मंडल के सभी शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की फोटो पर माल्यार्पण किया गया। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने उपस्थित जनों को शपथ दिलाई। तदोपरांत दौड़ ,पेंटिंग एवं क्विज़ प्रतियोगिता तथा कविता पाठ का भी आयोजन किया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्टेशनों का निरीक्षण



दिनांक 09.11.2023 को श्री हिमांशु बडोनी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंर्तगत चयनित कानपुर अनवर गंज, पनकी धाम, गोविंदपुरी स्टेशनों के साथ कानपुर सेंट्रल स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उक्त स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं तथा कानपुर सेंट्रल पर पुनर्विकास के संबंध में प्रस्तावित कार्यों, मेट्रो स्टेशन पर उन्नयन हेतु चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा अधिकारियों के साथ की।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान आयोजित




स्वच्छता ही सेवा अभियान के अवसर पर महाप्रबंधक, मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारियों द्वारा प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड एवं प्लेटफार्म संख्या 6 के दिल्ली छोर पर रेलवे ट्रैक के आसपास की झाड़ियां एवं गंदगी साफ की गयी। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वहां पर महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित



दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को प्रयागराज जंक्शन पर स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी द्वारा प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, तत्पश्चात प्रयागराज मंडल के स्काउट एवं गाइड्स की टीम द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चंपारन आंदोलन पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई।

## 'सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा' आयोजित




दिनांक 30.10.2023 को 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के शुभारम्भ के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई। साथ ही 'भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' की थीम पर सतर्कता सेमिनार का आयोजन किया गया।



''अभ्यास से ही मनुष्य सम्पूर्ण बनता है।'' - अज्ञात

## महाप्रबंधक द्वारा अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित स्टेशनों का निरीक्षण



दिनांक 04 नवंबर 2023 को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री सतीश कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय से प्रयागराज के मध्य निर्माणाधीन तीसरी लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित विंध्याचल, मिर्जापुर एवं चुनार रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने रेलवे प्लेटफार्म पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के संरक्षण एवं उनके उन्नयन के निर्देश दिए। इसी क्रम में महाप्रबंधक महोदय द्वारा कैलहट-नारायणपुर बाजार रेलवे स्टेशन के मध्य चल रहे प्रत्येक लाइन के कार्य की प्रगति का भी जायजा लिया गया तथा आरएमसी प्लांट एवं कैलहट रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया गया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी, अपर मंडल रेल प्रबंधक/इन्फ्रा श्री नवीन प्रकाश, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक/प्रयागराज श्री श्रीकृष्णा शुक्ला, सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## वंदे भारत के शुभारम्भ पर प्रेस वार्ता आयोजित



दिनांक 17.12.2023 को श्री हिमांशु बडोनी, मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मंडल की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान मण्डल रेल प्रबंधक ने उपस्थित सभी इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया से आये प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय रेल अपने यात्रियों को बेहतर सुविधाओं के साथ सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित यात्रियों को सुखद, आरामदेह एवं बेहतर रेल यात्रा अनुभव के लिए वंदे भारत ट्रेन के रूप में एक नई व्यवस्था प्रारम्भ की गयी है। इसी श्रृंखला में भारतीय रेल द्वारा वाराणसी-नई दिल्ली स्टेशनों के मध्य दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत की गई। यह वंदे भारत एक्सप्रेस नये एवं उन्नत स्वरूप में वाराणसी-नई दिल्ली के बीच चलाई गई, जिससे उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली के मध्य तीव्रगामी, आरामदायक एवं बेहतर यात्रा हेतु अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध होगी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी-नई दिल्ली के मध्य दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## एनडीआरएफ़ के साथ आपदा प्रबंधन समन्वय बैठक आयोजित



दिनांक 18.01.2024 को श्री हिमांशु बडोनी, मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में एनडीआरएफ़ के साथ आपदा से निपटने के लिए मंडल कार्यालय में समन्वय बैठक की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए श्री बडोनी ने कहा कि आपदा प्रबंधन का लक्ष्य खतरों को आपदा में बदलने से रोकना और जान-माल के नुकसान को कम करना है। मीटिंग में एनडीआरएफ़ और रेल कर्मचारियों ने भागीदारी की।

## टूंडला रेलवे स्टेशन पर स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित



माननीय सांसद फिरोजाबाद डॉ. चंद्रसेन जादौन द्वारा स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान आम जनता एवं रेल यात्रियों को जागरूक करने हेतु एक प्रदर्शनी तथा स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

## डी एस ए फुटसल प्रीमियर चैम्पियनशिप आयोजित



दिनांक 06 जनवरी 2024 को मुख्य अतिथि श्री सत्येन्द्र कुमार प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, श्री हिमांशु बडोनी मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा फुटसल प्रीमियर चैम्पियनशिप का गोल पोस्ट का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में प्रयागराज जिले की 14 एवं रेलवे की 2 टीमों ने भाग लिया।

## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक आयोजित



दिनांक 29.12.2023 को राजभाषा हिंदी की प्रगति की समीक्षा के लिए मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें राजभाषा पखवाड़ा 2023 और विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। बैठक का संचालन जनसंपर्क अधिकारी और राजभाषा अधिकारी श्री अमित कुमार सिंह ने किया।

# झाँसी मण्डल

## स्वच्छता ही सेवा अभियान आयोजित



स्वच्छता पखवाडे के अंतर्गत दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत झाँसी मंडल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर झाँसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, बाँदा, ललितपुर, चित्रकूटधाम कर्वी, मुरैना, उरई, घाटमपुर, महोबा, डबरा, दतिया आदि सभी स्टेशनों डिपो आदि में नामित अधिकारियों द्वारा स्वच्छता हेतु श्रमदान किया गया।

## नवस्थापित ग्वालियर-सुमावली रेल मार्ग का उद्घाटन एवं ग्वालियर-सुमावली यात्री रेलगाड़ी का शुभारम्भ



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को आमान परिवर्तन उपरान्त नवस्थापित ग्वालियर-सुमावली रेल मार्ग के उदघाटन के साथ-साथ ग्वालियर-सुमावली यात्री रेलगाड़ी का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ मेला ग्राउंड से किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री सतीश कुमार मेला ग्राउंड स्थल पर रहे। माननीय कृषि मंत्री, भारत सरकार श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बिरलानगर से सुमावली का सफर मेमू ट्रेन से किया।

## श्योपुर कलाँ स्टेशन भवन पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास



श्योपुर क्षेत्र के विकास के क्रम में दिनांक 05.10.2023 को माननीय केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के द्वारा 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार एवं मंडल रेल प्रबंधक झाँसी दीपक कुमार सिन्हा की उपस्थिति में श्योपुर कलां रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गयी।

## गाड़ी संख्या 14115/16 एवं 12535/36 के ठहराव का शुभारम्भ



दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को गाड़ी सं. 14115/16 और गाड़ी सं. 12535/36 का अतर्रा स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ माननीय सांसद बांदा-चित्रकूट श्री आर.के. सिंह पटेल द्वारा माननीय विधायक नरैनी श्रीमती ओम मणि वर्मा के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री आर.डी. मौर्य एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर किया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा कैरेज एंड वैगन डिपो, परिचालन तथा कैरेज एंड वैगन प्रशिक्षण केंद्र का सघन निरीक्षण



दिनांक 18.11.2023 को मंडल रेल प्रबंधक श्री डी.के. सिन्हा द्वारा कैरिज एंड वैगन कोचिंग डिपो का सघन निरीक्षण किया गया, इस दौरान उन्होंने संरक्षा के साथ अनुरक्षण सहित कार्य निष्पादन करने हेतु दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री अखिल शुक्ल, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर श्री राहुल शुक्ल सहित निरीक्षक व पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## रानी लक्ष्मीबाई जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 19.11.2023 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा ने महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन स्थित उनकी विराट प्रतिमा पर दीपांजलि, पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी व कर्मचारी उपास्थित रहे।

## संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन



दिनांक 24 नवम्बर 2023 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, झांसी में मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'संविधान का प्रस्तावना-पाठ कराया गया।

## खजुराहो-टीकमगढ़ विशेष मेमू ट्रेन के वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन तक विस्तार का शुभारम्भ



दिनांक 29.11.2023 को माननीय सांसद श्री अनुराग शर्मा ने मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा की उपस्थिति में गाड़ी सं. 04119/04120 खजुराहो - टीकमगढ़ मेमू ट्रेन का वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन तक विस्तार के रूप में झाँसी से खजुराहो के मध्य यात्रा करने वाले यात्रियों हेतु एक नयी रेल सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस नयी रेल सेवा से क्षेत्रीय जनता को लाभ होगा तथा औद्योगिक विकास, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन और शिक्षा के बढ़ावे में भी यह विस्तार निश्चित रूप से अहम् भूमिका निभाएगा।



''मानव अपने आनन्द का निर्माता स्वयं है।'' - निशीथ भाष्य

## बेतवा नर्सरी स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजित




दिनांक 02.12.2023 को पर्यावरण थीम पर आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबन्धक श्री डी. के. सिन्हा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती स्वेता सिन्हा अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन झाँसी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बेस्ट स्टूडेण्ट एवार्ड तथा जागरूक अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

## लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस और दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस के हमीरपुर रोड पर ठहराव का शुभारम्भ



दिनांक 02.12.2023 को हमीरपुर रोड स्टेशन पर गाड़ी सं.15205/06 और गाड़ी सं. 18203/04 के ठहराव का शुभारम्भ माननीय सांसद अकबरपुर श्री देवेंद्र सिंह 'भोले' द्वारा मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के साथ हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 06.12.2023 को मंडल रेल प्रबन्धक के सभाकक्ष में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल रेल प्रबन्धक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा बाबा साहब के फोटो पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित अधिकारियों, यूनियन के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।

## ललितपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन का स्थापना दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 20.12.2023 को स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत झाँसी मंडल के ललितपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्रम एवं सेवा योजन राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन श्री मनोहर लाल पंत एवं मा. विधायक श्री राम रतन कुशवाहा अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आर.डी. मौर्य और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शशिकांत त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक टीम द्वारा स्टेशन के इतिहास पर विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम किये गये।

## तालबेहट स्टेशन पर गाड़ी सं.11077/78 पुणे जम्मूतवी झेलम एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारम्भ




दिनांक 30.12.2023 को गाड़ी सं.11077/78 पुणे - जम्मूतवी झेलम एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारम्भ माननीय सांसद झाँसी-ललितपुर श्री अनुराग शर्मा द्वारा, ललितपुर विधायक श्री रामरतन कुशवाहा सहित मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के साथ हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी, गणमान्य नागरिक और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## नव संस्थापित पिट व्हील लेथ मशीन का उद्घाटन



दिनांक 25 जनवरी 2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा झाँसी मण्डल के कोच केयर सेंटर में नव संस्थापित पिट व्हील लेथ मशीन का विधिवत उदघाटन किया गया।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आर.डी. मौर्या, कोचिंग डिपो के समस्त पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 25.01.2024 को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में अधिकारियों व कर्मचारियों ने भारत की संवैधानिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की शपथ दिलायी गयी।

## 75वां गणतन्त्र दिवस समारोह सहर्षोल्लास आयोजित



दिनांक 26 जनवरी 2024 को मण्डल में राष्ट्र का 75वां गणतन्त्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डल रेल प्रबन्धक झाँसी श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा राष्ट्र ध्वज फहरा कर किया गया। इसके उपरान्त श्री दीपक द्वारा रेल सुरक्षा बल द्वारा प्रस्तुत परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई। तदुपरान्त महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन कर संबोधित करते हुए क्षेत्रीय तथा मंडल रेल की प्रगति व उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने विभिन्न विभागों से अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेल कर्मियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया।

# आगरा मण्डल

## 'स्वच्छता ही सेवा दिवस' के उपलक्ष्य में बृहद वृक्षारोपण आयोजित



दिनांक 01.10.2023 को 'स्वच्छता ही सेवा दिवस' के उपलक्ष्य में ईदगाह स्टेशन के समीप बांदीकुई छोर पर बृहद वृक्षारोपण का कार्य किया गया। यह वृक्षारोपण मण्डल रेल प्रबंधक, आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 01.10.2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम में आगरा फोर्ट स्टेशन पर माननीय कैबिनेट मंत्री श्री एस.पी. सिंह बघेल एवं मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल व रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए जिन्होंने स्टेशन पर श्रमदान कर स्टेशन को स्वच्छ करने में सहयोग प्रदान किया। अछनेरा स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत माननीय सांसद श्री राजकुमार चाहर तथा विजय महारानी इंटर कालेज के 100 बच्चों सहित सभी विभागों के कर्मचारियों ने इस प्रोग्राम में शामिल होकर श्रमदान किया

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती आयोजित



दिनांक 02.10.2023 को उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती मनाई गयी, इस अवसर पर मंडल की सांस्कृतिक टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ



दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2023 के अवसर पर आगरा मण्डल में मंडल रेल प्रबन्धक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाने के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस सप्ताह के दौरान भ्रष्टाचार उन्मूलन, सत्यनिष्ठा, सरकारी कार्यो में पारदर्शिता और सतर्कता जैसे विषयों पर संगोष्ठियाँ, कार्यशालायें, प्रतियोगिताएं एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित किये गए।

## वंदे भारत ट्रेन से आगरा कैंट आये क्रिकेटरों का भव्य स्वागत



दिनांक 09.11.2023 को वंदे भारत ट्रेन से श्री मोंटी पनेसर, क्रिकेटर (इंग्लैंड) श्री जोंटी रोड, क्रिकेटर (साउथ अफ्रीका) श्री सैयद किरमानी, क्रिकेटर (भारत) श्री ईश्वर पांडेय, क्रिकेटर (भारत) का आगरा कैंट स्टेशन पर माला एवं पटका पहनाकर रेलवे अधिकारियों और स्काउट्स एंड गाइड्स के बच्चो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि लीग की प्रतिष्ठित ट्रॉफी 8 नवंबर से वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा कर रही है। ट्रॉफी पूरे देश में 17 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जाएगी।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा आगरा छावनी स्टेशन पर मिलेट्स स्टॉल का उद्घाटन



दिनांक 24.11.2023 को मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा आगरा छावनी स्टेशन पर मिलेट्स स्टॉल का उद्घाटन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए आगरा रेल मंडल ने मंडल के चार स्टेशन आगरा छावनी, मथुरा जं., आगरा फोर्ट और ईदगाह पर मिलेट्स स्टॉल खोले गये है।

## संविधान दिवस के अवसर पर संविधान प्रस्तावना का वाचन



दिनांक 26.11.2023 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आगरा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया। प्रस्तावना-पाठ के उपरांत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावना शपथ के सर्टिफिकेट डाउन लोड किए गए।

## अवध एक्सप्रेस के किरावली स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ



दिनांक 26.10.2023 को किरावली क्षेत्र की जनता को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से गाड़ी सं.19037/19038 अवध एक्सप्रेस के किरावली स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ माननीय सांसद फ़तेहपुर सीकरी श्री राजकुमार चाहर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।



''मानव की सेवा करना मानव का सर्वप्रथम कर्तव्य है'।' - विनोबा भावे

## महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 06.12.2023 को महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मण्डल रेल प्रबन्धक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा भारत रत्न बाबा साहेव डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## मंडल रेल प्रबन्धक आगरा द्वारा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड बाद स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 07 दिसम्बर 2023 को मंडल रेल प्रबन्धक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड बाद स्टेशन का निरीक्षण किया। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबन्धक ने मथुरा रिफाइनरी की गैन्ट्री देखी, कार्यशैली व सुरक्षा सम्बंधित जानकारी ली व गाड़ी के संचालन में गतिशीलता, समयबद्धता, संरक्षा तथा नियमों का समुचित पालन करने के निर्देश दिए।

## अखिल भारतीय रेलवे कुश्ती चैंपियनशिप 2023 का समापन



दिनांक 13 से 15 दिसंबर 2023 तक आयोजित 64वीं अखिल भारतीय रेलवे कुश्ती चैंपियनशिप 2023 के समापन समारोह में एनसीआरएसए के अध्यक्ष श्री अनूप कुमार अग्रवाल व मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा दिनांक 15.12.2023 को गोवर्धन स्टेडियम में विजेता पहलवानों को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें अर्जुन अवार्डी सोकिन्द्र तोमर, कृपा शंकर पटेल, धमेंद्र दयाल तथा ध्यानचन्द्र अवार्डी सुजीत मान, राजकुमार तथा यशभारती अवार्डी चन्द्र विजय सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय पहलवान उपस्थित रहे।

## ईदगाह रेलवे स्टेशन का स्थापना दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 17 दिसम्बर 2023 को ईदगाह रेलवे स्टेशन का 149वाँ स्थापना दिवस माननीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार प्रो. एस.पी. सिंह बघेल एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल की उपस्थिती में मनाया गया। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड एवं सांस्कृतिक टीम द्वारा स्टेशन के इतिहास पर विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## मथुरा रेलवे स्टेशन का स्थापना दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 27.12.2023 को स्टेशन महोत्सव योजना के अंतर्गत आगरा मंडल के मथुरा जं. रेलवे स्टेशन का 119 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीया सांसद मथुरा श्रीमती हेमा मालिनी व माननीय विधायक मथुरा श्री श्रीकांत शर्मा तथा मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल उपस्थित रहे। स्टेशन महोत्सव में स्टेशन से जुड़े इतिहास की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए फोटो प्रदर्शनी लगाई गई।

इस अवसर पर स्कूल के बच्चों, स्काउट एंड गाइड एवं सांस्कृतिक टीम द्वारा स्टेशन के इतिहास पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये।

## अजमेर एक्सप्रेस के नदबई स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ



दिनांक 06.01.2024 को गाड़ी सं.22987/22988 अजमेर-आगरा फोर्ट-अजमेर एक्सप्रेस के नदबई स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ माननीया सांसद भरतपुर श्रीमती रंजीता कोली के द्वारा मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य क्षेत्रीय जनता, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 25.01.2024 को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम' थीम पर मनाया गया। 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर आगरा मण्डल में मंडल रेल प्रबन्धक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों को अपना वोट डालने हेतु शपथ दिलाई गई।

## 75वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 26 जनवरी 2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा 75वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया तथा महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज का संदेश पढ़कर सुनाया गया। इसके उपरान्त रेलवे सुरक्षा बल परेड में शामिल महिला रेलवे सुरक्षा बल, खिलाड़ियों, चल टिकट परीक्षक तथा स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया एवं सलामी ली।

मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा मण्डल के सभी विभागों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 32 कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# रंगारंग चित्र दीर्घा



दिनांक 26 जनवरी, 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविन्द्र गोयल



दिनांक 26 जनवरी, 2024 को मुख्यालय में आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मी को सम्मानित करते महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविन्द्र गोयल



दिनांक 26 जनवरी, 2024 को केंद्रीय अस्पताल प्रयागराज में आई. एफ.टी. मशीन का उद्घाटन करतीं उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल एवं अन्य सदस्याएं



दिनांक 13 जनवरी 2024 को प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर बनाये गये कंट्रोल टावर का निरीक्षण करते महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविन्द्र गोयल



दिनांक 26 जनवरी, 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यालय में आयोजित समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते टेंडर फीट स्कूल के बच्चे



दिनांक 26 जनवरी, 2024 को टेंडर फीट स्कूल में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करतीं अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन मुख्यालय श्रीमती शिखा गोयल एवं संगठन की अन्य सादस्याएं



दिनांक 11.01.2024 को प्रयागराज मंडल में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट प्रयागराज की वार्षिक पुस्तिका के चौथे संस्करण का विमोचन करते महाप्रबंधक, श्री रविन्द्र गोयल



कामनवेल्थ वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिताओं में विजयी उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल की महिला खिलाड़ियों के साथ मंडल रेल प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज श्री हिमांशु बडोनी




दिनांक 28.10.2024 को रोजगार मेले के तहत नियुक्ति-पत्र प्रदान करते माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री आवासन और शहरी कार्य, श्री कौशल किशोर एवं माननीय सांसद झांसी श्री अनुराग शर्मा



दिनांक 31.10.2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण करते मंडल रेल प्रबंधक झाँसी श्री दीपक कुमार सिन्हा



दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आगरा मण्डल में रन फार यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करते मंडल रेल प्रबन्धक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल



दिनांक 02 नवम्बर 2023 को वाणिज्य विभाग में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले रेलकर्मी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित करते मंडल रेल प्रबंधक झाँसी श्री दीपक कुमार सिन्हा



दिनांक 15.12.2023 को सुश्री प्रशस्ति श्रीवास्तव को उत्कृष्ट सेवा के लिए 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित करते केंद्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैभव



दिनांक 28.10.2024 को रोजगार मेले के तहत नियुक्ति-पत्र प्रदान करते माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्री एस.पी. सिंह बघेल


संरक्षक

**श्री रविन्द्र गोयल**

महाप्रबंधक

मुख्य संपादक

**श्री जोगिंदर सिंह लाकरा**

अपर महाप्रबंधक

कार्यकारी संपादक

**श्री हिमांशु शेखर उपाध्याय**

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सहायक संपादक

डॉ. अमित मालवीय, श्री अमित कुमार सिंह, श्री मनीष सिंह, श्री मनोज कुमार सिंह, श्रीमती रागिनी सिंह एवं कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव

उप सम्पादक

श्री पूरन मल मीना, श्री मोहन लाल मीना एवं श्री प्रमोद कुमार मिश्रा

जनसंपर्क विभाग, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रकाशित




''पवित्रता के बिना एकाग्रता का कोई मूल्य नहीं है।'' - स्वामी शिवानन्द